पंजाब केसरी 28/01/2024

जी.एम.एन. कालेज में ध्वजारोहण करते मुख्य अतिथि एवं अन्य। (चंद्रमोहन)

जी.एम.एन. कालेज में मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

अम्बाला, 27 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि कालेज की गवर्निंग बॉडी के वाइस प्रैसिडैंट के.जे.एस. बलहाया द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारे महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में 'पूर्ण स्वराज' के लिए 200 वर्षों से भी अधिक समय तक संघर्ष किया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया, ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां किसी की गुलाम बनकर न रहें और स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों का निर्वहन कर सकें।

कालेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान गुरदेव सिंह व महासचिव अजय अग्रवाल ने कहा कि हम सब मिलकर सशक्त भारत का निर्माण करेंगे। सभी नागरिकों को संविधान के प्रति सजग करेंगे और सबको समान रूप से जीने का अवसर प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर जी.एम.एन. कालेज ट्रस्ट एवं सोसायटी के सचिव डी.एस. माथुर ने कहा कि हमें अपने सामाजिक मुद्दों जैसे गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, ग्लोबल वार्मिंग, असमानता आदि के बारे में जागरूक होना चाहिए। मंच संचालन अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डा. अमित द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जी.एम.एन. कालेज ट्रस्ट एंड मैनेजमैंट के प्रधान जसवंत राय जैन, उपप्रधान डा. हरप्रकाश शर्मा, सचिव डी.एस. माथुर, जी.एम.एन. कालेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान डा. गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल आदि गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।